**श्रीमती संजूलता वैष्णव**
उपाध्यक्ष
नगरपालिका परिषद नैनपुर
जिला मण्डला (म.प्र.)

STD - (07646) 240106 (O)
Mob. : 9893301219

निवास - वार्ड क्र. 06
नैनपुर, जिला मण्डला (म.प्र.)

क्रमांक - 7 दिनांक - 16/07/2026

सेवा में,

माननीय डॉ. फग्गन सिंह कुलस्ते जी
सांसद, मंडला संसदीय क्षेत्र (म.प्र.)

विषय :- नैनपुर नगर में सीसीटीवी कैमरा स्थापना हेतु सांसद निधि से लगभग २० लाख रूपये की राशि उपलब्ध कराने बाबत।

महोदय,

सादर निवेदन है कि नैनपुर नगर की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नगर में प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों एवं संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाने की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। वर्तमान में नगर में चोरी एवं अन्य आपराधिक घटनाओं की रोकथाम तथा कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए आधुनिक सीसीटीवी नेटवर्क की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। हाल ही में इस संबंध में प्रशासन, पुलिस विभाग, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों एवं सामाजिक संगठनों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर में सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना पर चर्चा हुई। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार इस परियोजना की लागत लगभग २० लाख रूपये है। नगर पालिका की वर्तमान वित्तीय स्थिति को देखते हुए इस राशि की व्यवस्था करना कठिन प्रतीत हो रहा है। अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि जनहित एवं नगर की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (MPLADS) के अंतर्गत, यदि नियमों एवं प्रावधानों के अनुरूप संभव हो, तो नैनपुर नगर में सीसीटीवी कैमरा स्थापना हेतु लगभग २० लाख रूपये की राशि स्वीकृत / अनुशंसित करने की कृपा करें।

आपकी इस पहल से नगर की सुरक्षा व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी, अपराधों की रोकथाम में पुलिस प्रशासन को सहायता

**श्रीमती संजूलता वैष्णव**
उपाध्यक्ष
नगरपालिका परिषद नैनपुर
जिला मण्डला (म.प्र.)

नैनपुर

STD - (07646) 240106 (O)
Mob. : 9893301219

निवास - वार्ड क्र. 06
नैनपुर, जिला मण्डला (म.प्र.)

क्रमांक - 8 दिनांक - ......................

प्राप्त होगी तथा आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना और विश्वास बढ़ेगा। नैनपुर नगर की जनता को आपसे सकारात्मक सहयोग एवं मार्गदर्शन की अपेक्षा है।

आशा है कि आप जनहित के इस महत्वपूर्ण विषय पर संवेदनशीलता के साथ विचार कर आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करेंगे।

भवदीया,

(संजूलता वैष्णव)
उपाध्यक्ष
नगर पालिका परिषद् नैनपुर
जिला मंडला (मध्यप्रदेश)

श्रीमती संजूलता वैष्णव
उपाध्यक्ष
नगर पालिका परिषद नैनपुर